श्री बंशीधर नगर, शनिवार
28.12.2024
पौष कृष्णपक्ष त्रयोदशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 125

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:36 बजे
अस्त - 05:17 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 28 डिग्री से.
न्यूनतम : 14 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
डीएसओ पर हमला, 12 के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज >> पेज 03 ईशा कोप्पिकर की आंखों में आ गए आंसू : पेज 04

## सुविचार

आत्मविश्वास कई प्रकार का होता है, धन का, बल का, ज्ञान का, लेकिन मूर्खता का आत्मविश्वास सर्वोपरि होता है।

## न्यूज अपडेट्स

### प्रिंस खान गिरोह के 6 शूटर हथियार के साथ गिरफ्तार

**धनबाद।** मोस्टवांटेड क्रिमिनल प्रिंस खान के छह शूटरों को धनबाद पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही है। इन शूटरों के पास से भारी मात्रा में हथियार, गोली और अन्य सामान भी बरामद हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों में कतरास निवासी गणेश कुमार (28), कतरास निवासी राजेश बधावन उर्फ बब्लू (27), कतरास निवासी अजय कुमार सिंह (35), मधुबन निवासी करण सिंह राजपूत (21), निचितपुर निवासी बिट्टू उर्फ सागर मल्लाह (20) और पलामू निवासी देव उर्फ भीम उर्फ प्रियेश कुमार सिंह उर्फ राहुल (25) शामिल हैं। वही इनके पास से एक स्विफ्ट कार, एक पल्सर बाइक, तीन पिस्तौल, 16 जिंदा कारतूस और विभिन्न कंपनियों के सात मोबाइल फोन बरामद हुआ है। शुक्रवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए धनबाद के वरीय पुलिस अधीक्षक ह्रदीप पी जनार्दन ने बताया कि 26 दिसंबर को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रिंस खान गिरोह के कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में है। इसके बाद जिले की नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की गई। इसी क्रम में केंदुआडीह थाना के तहत शिमलाबहाल ब्रिज के समीप स्विफ्ट कार पर सवार राजेश कुमार बधावन, अजय कुमार सिंह और सागर कुमार मल्लाह उर्फ बिट्टू को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही कतरास थाना क्षेत्र के निचितपुर रेलवे साडिंग के पास से गणेश गुप्ता एवं करण सिंह को मोटरसाइकिल से भागते वक्त पीछा कर के गिरफ्तार किया। इनके पास से भी पुलिस को हथियार मिले।

**विदाई** कांग्रेस मुख्यालय से 9:30 बजे निकलेगी अंतिम यात्रा

# डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज



**नई दिल्ली।** दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को 11.45 बजे निगम बोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इसका हवाला देते हुए रक्षा मंत्रालय से पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ उनका राजकीय अंतिम संस्कार किए जाने की व्यवस्था करने का अनुरोध किया है। इससे पहले आज कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री से डा. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और उनके स्मारक के लिए जगह दिए जाने की मांग की थी, इसलिए कांग्रेस नेताओं में सरकारी निर्णय को लेकर नाराजगी है। गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव (सार्वजनिक) जी पार्थसारथी ने रक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव (समन्वय) मयंक तिवारी को लिखे पत्र में कहा है, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 26 दिसंबर, 2024 को रात 9.51 बजे एम्स अस्पताल, नई दिल्ली में निधन हो गया। सरकार ने निर्णय लिया है कि डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। अंतिम संस्कार 28 दिसंबर, 2024 को पूर्वाह्न 11:45 बजे निगमबोध घाट, नई दिल्ली में होगा। रक्षा मंत्रालय से अनुरोध है कि वह पूर्ण सैन्य सम्मान के साथ राजकीय अंतिम संस्कार की व्यवस्था करे। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल के अनुसार बताया पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर आज जनता के अंतिम दर्शन के लिए उनके निवास स्थान 3, मोतीलाल नेहरू रोड, नई दिल्ली पर रखा गया है। कल 28 दिसंबर को सुबह 8 बजे उनका पार्थिव शरीर एआईसीसी मुख्यालय ले जाया जाएगा और जनता तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कल सुबह 8.30 से 9.30 बजे के बीच श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिलेगा। डॉ. सिंह की अंतिम यात्रा कल सुबह 9.30 बजे एआईसीसी मुख्यालय से श्मशान घाट के लिए शुरू होगी। उधर, डा. मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार के लिए निगमबोध घाट पर व्यवस्था किए जाने की बाबत गृह मंत्रालय के इस पत्र के बाद कांग्रेस नेताओं ने नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। आज कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में अलग जगह दिए जाने पर भी चर्चा हुई। उसके बाद राज्यसभा सदस्य रणदीप सुरजेवाला ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, सरदार मनमोहन सिंह ने 10 वर्षों तक बतौर प्रधानमंत्री राष्ट निर्माण की अनूठी गाथा लिखी, समावेशी विकास की नींव रखी और भारतीय अर्थव्यवस्था को नई बुलंदियों तक पहुंचाया। उनके सम्मान तथा याद में राजधानी दिल्ली में स्मारक स्थल का निर्माण मां भारती के महान सपूत को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राजनीतिक विचारधारों से परे कांग्रेस अध्यक्ष के इस अनुरोध को स्वीकार कर स्मारक स्थल पर ही अंतिम संस्कार तथा स्मारक निर्माण का अविलंब निर्णय मोदी सरकार को लेना चाहिए। उम्मीद है कि करोड़ों देशवासियों की भावना, जो कांग्रेस अध्यक्ष ने व्यक्त की है, उसी के अनुरूप निर्णय लिया जाएगा। कांग्रेस नेता अलका लांबा ने कहा, सरदार मनमोहन सिंह जी का अंतिम संस्कार निगम बोध घाट पर होना कैसे उचित हो सकता है? उनके कद के मुताबिक यह कतई भी उचित स्थान नहीं है। ऐसा करना उनके सम्मान के खिलाफ जाना होगा। ऐसा पहले कभी किसी पूर्व प्रधानमंत्री के साथ नहीं हुआ। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी इसका ताजा उदाहरण हैं, जिनका अंतिम संस्कार और स्मारक उचित स्थान पर बनाया गया। केंद्र सरकार का यह फैसला दुर्भाग्यपूर्ण और आहत पहुंचाने वाला है। कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं ने भी इसी तरह की प्रतिक्रिया जतायी है।

### डॉ. मनमोहन सिंह के लिए स्मारक स्थल आवंटित करेगी सरकार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सम्मान में एक स्मारक के लिए स्थान आवंटित करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 28 दिसंबर को देर रात घोषणा की कि इस निर्णय से डा. सिंह के परिवार और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अवगत करा दिया गया है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह के स्मारक के संबंध में मामले के तथ्य शीर्षक वाले एक बयान में मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि स्मारक के लिए अनुरोध कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने किया था। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खरगे और डा. सिंह के परिवार को आश्वासन दिया कि स्मारक के लिए जगह आवंटित की जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि इस बीच दाह संस्कार और अन्य औपचारिकताएं पूरी हो सकती हैं, क्योंकि एक ट्रस्ट का गठन किया जाना है और इसके लिए जगह आवंटित की जानी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार आज दिल्ली के निगमबोध घाट पर पूर्वाह्न 11:45 बजे पूरे राजकीय सम्मान के साथ होगा। गुरुवार रात 9.51 बजे उनका दिल्ली के एम्स में निधन हो गया था।

## रिकॉर्ड रूम के बड़ा बाबू समेत दो घूस लेते गिरफ्तार



**धनबाद।** धनबाद के पुराने पुराने समाहरणालय में संचालित जिला अभिलेखागार यानि रिकॉर्ड रूम में प्रधान सहायक (बड़ा बाबू) के पद पर पदस्थापित संजय कुमार और उनके सहकर्मी सोमनाथ चटर्जी को शुक्रवार को एसीबी की टीम ने साढ़े छह हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद एसीबी टीम ने भिस्तीपाड़ा स्थित देवालय अपार्टमेंट में आरोपी संजय कुमार के फ्लैट में भी दबिश दी। हालांकि टीम को उनके घर से कुछ हाथ नहीं लगा। एसीबी डीएसपी जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि दस्तावेज निकालने के नामपर रिश्वत मांगी जा रही थी। इस संबंध में शिकायतकर्ता धैया निवासी मनोहर महतो ने पिछले 20 तारीख को एसीबी में शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि टुंडी क्षेत्र में उनकी एक जमीन है जिसके सिलसिले में दस्तावेज निकालने को लेकर मनोहर से रिश्वत की मांग की जा रही थी। वहीं शिकायत का सत्यापन कर टीम ने कार्यालय में दबिश देकर उन्हें रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि इसी साल धनबाद रिकॉर्ड रूम से ही एक लिपिक शुवेंन्दु को भी रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि इस साल का यह एसीबी का 11 वां ट्रेप है।

## बारिश और कोहरे के साथ बढ़ेगी ठंड



**रांची।** राज्य में 28 और 29 दिसंबर को राजधानी रांची सहित कई जिलों में बारिश की संभावना है। झारखंड में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे बारिश होगी। साथ ही 29 दिसंबर को बारिश के बाद से कोहरा छाया रहेगा। बादल के हटते ही राज्य में कनकनी बढ़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 28 दिसंबर को गढ़वा, पलामू, हजारीबाग, कोडरमा, चतरा, गिरिडीह, लातेहार, लोहरदगा, रामगढ़, गुमला, रांची, सिमडेगा और खूंटी जिलों में हल्के दर्जे की जबकि 29 दिसंबर को रांची, गुमला, खूंटी, पूर्वी-पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान है। राजधानी रांची सहित राज्य में शुक्रवार को सुबह में कोहरा और आंशिक रूप से बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार, एक और दो जनवरी को राज्य में कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 26.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 28.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने शुक्रवार को बताया कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर होगा, जिससे दो दिन लगातार बारिश होगी।

### पीएम मोदी डॉ मनमोहन को दी श्रद्धांजलि, कहा

# सुधारवादी नेता के रूप में याद आयेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और देश की प्रगति एवं विकास में उनके योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिंह को हमेशा एक सुधारवादी नेता के रूप में याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशेष वीडियो संदेश में मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यकाल और स्वयं के गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्यकाल के दौरान हुई बातचीत को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के निधन ने हम सभी के ह्रदय को गहरी पीड़ा पहुंचाई है। उनका जाना, एक राष्ट्र के रूप में भी हमारे लिए बहुत बड़ी क्षति है। विभाजन के उस दौर में बहुत कुछ खोकर भारत आना और यहां जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करना, ये सामान्य बात नहीं है। अभावों और संघर्षों से ऊपर उठकर कैसे ऊंचाइयों को हासिल किया जा सकता है, उनके जीवन से ये सीख भावी पीढ़ी को मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि एक नेक इंसान के रूप में, एक विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में और रिफॉर्म्स के प्रति समर्पित लीडर के रूप में उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। एक अर्थशास्त्री के रूप में उन्होंने अलग-अलग स्तर पर भारत सरकार में अनेक सेवाएं दीं। एक चुनौतीपूर्ण समय में उन्होंने रिजर्व बैंक के गवर्नर की भूमिका निभाई। पीवी नरसिम्हा राव की सरकार के वित्त मंत्री रहते हुए उन्होंने वित्तीय संकट से घिरे देश को एक नई अर्थव्यवस्था के मार्ग पर प्रशस्त किया। प्रधानमंत्री के रूप में देश के विकास में और प्रगति में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के प्रति, देश के विकास के प्रति उनका जो कमिटमेंट था, उसे हमेशा बहुत सम्मान से देखा जाएगा। डॉ. सिंह का जीवन, उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब था, वो विलक्षण सांसद थे। उनकी विनम्रता, सौम्यता और उनकी बौद्धिकता उनके संसदीय जीवन की पहचान बनी। मुझे याद है कि इस साल की शुरूआत में जब राज्यसभा में उनका कार्यकाल समाप्त हुआ, तब मैंने कहा था कि सांसद के रूप में डॉ. साहब की निष्ठा सभी के लिए एक प्रेरणा है।

## डॉ. मनमोहन सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति : सोनिया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। आज शाम जारी अपने शोक संदेश में सोनिया गांधी ने कहा कि डॉ. सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे मेरे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। सोनिया गांधी ने कहा कि डॉ. सिंह के निधन से हमने एक ऐसे नेता को खो दिया है जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने पूरे दिल और दिमाग से हमारे देश की सेवा की। कांग्रेस के लिए एक उज्ज्वल और प्रिय मार्गदर्शक, उनकी करुणा और दूरदर्शिता ने लाखों भारतीयों के जीवन को बदल दिया और उन्हें सशक्त बनाया। उन्हें भारत के लोगों द्वारा उनके शुद्ध ह्रदय और उत्तम बुद्धि के लिए प्यार किया जाता था। उनकी सलाह, बुद्धिमत्तापूर्ण सलाह और विचारों को हमारे देश के राजनीतिक स्पेक्ट्रम में उत्सुकता से मांगा जाता था और उनका बहुत सम्मान किया जाता था। दुनियाभर के नेताओं और विद्वानों द्वारा सम्मानित और प्रशंसित, उन्हें अत्यधिक ज्ञान और कद के राजनेता के रूप में सम्मानित किया गया। डॉ. सिंह ने अपने द्वारा संभाले गए प्रत्येक उच्च पद पर प्रतिभा और विशिष्टता लाई। उन्होंने भारत को गौरव और सम्मान दिलाया। सोनिया ने कहा कि डॉ. सिंह अपने व्यवहार में बहुत ही सौम्य थे लेकिन अपनी गहरी मान्यताओं के प्रति बहुत दृढ़ थे। सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता गहरी और अटूट थी। उनके साथ कुछ भी समय बिताना, उनके ज्ञान और बुद्धिमत्ता से प्रबुद्ध होना, उनकी ईमानदारी और निष्ठा से प्रभावित होना और उनकी वास्तविक विनम्रता से अभिभूत होना था।

# धान अधिप्राप्ति में शिथिलता बरतने वाले पैक्सों को करे डी-नोटिफाई : डीडीसी



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** डीडीसी शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में खरीफ विपणन मौसम 2024-25 अंतर्गत पैक्स/व्यापार मंडलों द्वारा किये जा रहे धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की गयी। जिला सहकारिता कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में डीडीसी ने पिछले 12 दिनों में हुये धान खरीद की जानकारी ली। डीएसओ प्रीति किस्कु ने बताया कि अबतक 41 पैक्सों से 18683.94 क्विंटल धान का क्रय किया गया है। इस पर डीडीसी ने चिंता जाहिर करते हुये धान क्रय में तेजी लाने की दिशा में सभी संबंधितों को कार्य करने के निर्देश दिये। धान क्रय की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने अब तक जिन पैक्सों द्वारा पांच से कम किसानों से धान क्रय किया गया है उनकी जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि विश्रामपुर, सलतुआ, हरिहरगंज पूर्वी, वीकेएसएस अग्रिफार्म एफपीओ, हुसैनाबाद व्यापार मंडल, कंडा, मोहम्मदगंज, तीसीबार कला, पचकेड़िया, उदयपुरा टू, करकट्टा एफपीओ पैक्स द्वारा 5 से भी कम किसानों से धान क्रय किया गया है। इस पर डीडीसी ने कहा कि 31 दिसंबर तक इन पैक्सों द्वारा धान क्रय में तेजी नहीं लायी जाती है तो इन्हें डी-नोटिफाई करने की कार्रवाई करें। बैठक में डीडीसी ने डीएसओ को किसी भी पैक्स से धान वजन से संबंधित किसी तरह का शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। इसी तरह उन्होंने जिला स्तरीय मॉनिटरिंग सिस्टम को विकसित करने पर बल दिया। वहीं सभी क्रय केंद्रों पर विजिटिंग रेजिस्टर रखने व प्रत्येक सप्ताह में नोडल पदाधिकारियों संग बैठक करने की बात कही। मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला सहकारिता पदाधिकारी उमेश सिन्हा व विभिन्न पैक्सों के अध्यक्ष उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### भंडार की ऋतिका बनी चार्टर एकाउंटेंट



**विश्रामपुर :** प्रखंड के भंडार गांव के सुशील कुमार पांडेय व सविता पांडेय की पुत्री ऋतिका पांडेय चार्टर एकाउंटेंट बनी है। ऋतिका के चार्टर एकाउंटेंट बनने से गांव में खुशी का माहौल है। उन्होंने गांव व जिले का नाम रौशन किया है। मेदिनीनगर के गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल से दसवीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद ऋतिका रांची जवाहर विद्या मंदिर शामली से 12 वीं तक की पढ़ाई की थी। ऋतिका ने कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा पृथ्वी नाथ पांडेय व गुरुजनों के उचित मार्गदर्शन को दिया है। ऋतिका भाजपा नेता सुनील कुमार पांडेय की भतीजी है। इस सफलता पर उसे बधाई देने वालों में समाजसेवी (शिक्षाविद) अशोक पांडेय, विश्रामपुर के जिला पार्षद विजय रविदास, भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, पूर्व प्रमुख संतोष कुमार चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडेय, उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, सौरभ पांडेय, आशीष पांडेय, अरविंद पांडेय समेत कई लोगों के नाम शामिल हैं।

## खेल

# रामासाहू व बीएनटी सेफा में

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के 12 वें दिन क्वार्टर फाईनल मैच में सीएम रामासाहू की टीम ने शांति निवास को एकतरफा मुकाबले में आठ विकेट से एवं दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में बीएनटी संत मैरी की टीम ने लगातार तीन वर्षों के चैंपियन जवाहर नवोदय विद्यालय को रोमांचक मुकाबले में पांच विकेट से हराकर चौथी बार चैंपियन बनने का सपना तोड़ते हुये सेमीफाईनल में प्रवेश किया। पहले क्वार्टर फाईनल मैच में शांति निवास ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, पर उनका निर्णय सही नहीं रहा। रामासाहू के गेंदबाज ने बेहतरी गेंदबाजी करते हुये पूरी टीम को प्रतियोगिता के सबसे छोटा स्कोर 19 रन पर ही सिमटा दिया। अतिरिक्त रन की संख्या 10 रन रहा। रामासाहू की ओर से कार्तिक ने चार और कवि ने तीन खिलाड़ी को पवेलियन का रास्ता दिखाया। जबाबी पारी खेलने उतरी रामासाहू की शुरूआत खराब रही शुरूआत के दो गेंद पर दो विकेट खोने के बाद टीम ने संभलते हुये रूपेश के नाबाद 16 रन के सहयोग से तीन ओवर में दो विकेट खोकर जीत दर्ज कर लिया। दूसरे क्वार्टर फाईनल में जवाहर नवोदय विद्यालय ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये सुमित के 43, प्रिंस के 23, ऋषभ के 21 रन के सहयोग से निर्धारित ओवर में 133 रन बनाये। बीएनटी संत मैरी की ओर से सानू ने चार, ऋतु ने तीन, सक्षम ने दो विकेट लिया। जबाबी पारी खेलने उतरी बीएनटी संत मैरी की टीम ने सक्षम के 54 और नकी के 20 रनों के सहयोग से सात गेंद शेष रहते मैच पांच विकेट खोकर जीत दर्ज करते हुये लगातार तीन वर्ष के विजेता के विजय रथ को रोकते हुये सेमीफाईनल में प्रवेश किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार बीएनटी संत मैरी के सक्षम, रामासाहू हाईस्कूल के कार्तिक को प्रतियोगिता के पदाधिकारी सह पर्यवेक्षक पीके दुबे, सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, अजीत कुमार सिन्हा, रोहन तिवारी संदीप गुप्ता ने प्रदान किया। मौके पर पर्यवेक्षक पीके दुबे ने कहा कि खिलाड़ी को हार से सीख लेने की जरूरत है। मौके पर अभिषेक द्विवेदी, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, आकाश कुमार, शहजाद खान, धीरज, रोहित प्रजापति, नितेश शामिल थे। अंपायर की भूमिका रोहन तिवारी, धीरज, आलोक कुमार, कॉमेंटेटर की भूमिका मनोज तिवारी और प्रिंस खान ने निभाई।

### डीएवी मॉडल में दो दिवसीय खेल महोत्सव का आयोजन



**गढ़वा :** शहर के डीएवी मॉडल स्कूल में दो दिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ बच्चों के मार्च पास्ट एवं प्रार्थना के साथ किया गया। तत्पश्चात छोटी-छोटी बच्चियों ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह ली। इस दौरान बैलून रेस, टॉफी रेस, ग्लास रेस, 3 लेग रेस, वॉटर रेस आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल के उपरांत सभी बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक सुशील केशरी ने कहा कि प्रतिवर्ष बच्चों को मानसिक शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा दी जाती है और इसी क्रम में खेल महोत्सव कराये जाते हैं जिससे बच्चे तन मन से स्वस्थ रह सकें। खेलकूद बच्चों का अधिकार है। मौके पर प्राचार्य गुलाम सरवर, आरती देवी सुलेखा गुप्ता, तानिया सोनी, शिवानी कुमारी, श्वेता कुमारी, कोमल कुमारी, चंदन कुमार, मदन मोहन द्विवेदी, ओम प्रकाश शर्मा, अंजनी कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

## विधायक के उकसावे पर डीएसओ के साथ मारपीट : झामुमो

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के उकसावे पर समाहरणालय में घुसकर भाजपा के लोगों ने खाद्य-आपूर्त्ति पदाधिकारी (डीएसओ) रामगोपाल पाण्डेय पर जानलेवा हमला किया है। यह कार्य अत्यंत ही घृणित एवं निंदनीय है। यदि पुलिस प्रशासन तत्काल इस मामले में कठोर कार्रवाई नहीं करती है तो झामुमो आंदोलन करने पर मजबूर होगा। जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी। झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। झामुमो जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लोग अब मारपीट करने पर उतारू हो गये हैं। ऐसी घटना समाहरणालय में पहली बार घटी है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर खुलेआम पदाधिकारियों का सर फोड़ने की बात बोला था। उन्ही के उकसाने पर डीएसओ के साथ मारपीट की घटना घटी। विधायक अपने कार्यकर्त्ताओं को मारपीट, लूट-खसोट करने की खुली छूट दे रखे हैं। साथ ही वे ठेकेदारों को बुलाकर कमीशन उगाही करना चाह रहे हैं। परंतु झामुमो के रहते यह सब संभव नहीं है। मौके पर सचिव मनोज ठाकुर, रामसागर उरांव, अशर्फी राम, ओमप्रकाश गुप्ता, जितेन्द्र दुबे, कार्तिक पाण्डेय, सुभाष उरांव, इफ्तेखार अंसारी आदि लोग उपस्थित थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने किया डोर टू डोर प्रोग्राम




गढ़वा : माननीय नालसा एवं झालसा के अध्यक्ष नलिन कुमार एवं सचिव रवि चौधरी के आदेशानुसार शुक्रवार को शहर के काली स्थान के समीप जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत डोर टू डोर प्रोग्राम किया गया। मौके पर पीएलवी संगीता सिन्हा ने आपस की छोटी छोटी विवाद को लेकर आपसी झगड़े जो होते हैं उसको आपसी समझौते के साथ कैसे ठीक किया जा सकता है तथा इसमें पीएलवी और मेडिटेशन सेंटर की क्या भूमिका होती है इसकी जानकारी दी। वहीं पीएलवी उमा शंकर द्विवेदी ने बाल मजदूरी, बाल व्यापार, नशाखोरी, दिव्यांग बच्चों के लिए चलाए जा रहे सरकार के योजना की जानकारी दी। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी लगायेगा मेगा रक्तदान शिविर



**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसायटी के तत्वावधान में आगामी 30 दिसंबर को मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह कार्यक्रम जिला परिषद मार्केट गढ़वा स्थित सोसायटी के जिला कार्यालय में संपन्न होगा। इस विशेष अवसर पर गढ़वा सीएस डॉ अशोक कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इसकी जानकारी देते हुये सोसायटी के सचिव विकास कुमार माली ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद के लिये रक्तदान को बढ़ावा देना और समाज में जागरूकता फैलाना है। यह शिविर समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। उन्होंने गढ़वा के नागरिकों से इस नेक काम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। विकास ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह छोटा सा प्रयास किसी की जिंदगी बचा सकता है। इस शिविर में भाग लेने के इच्छुक लोग सोसायटी के जिला कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर झामुमो ने जताया शोक



**गढ़वा :** देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी ने शुक्रवार को पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान दो मिनट का मौन धारण कर मृतक की आत्मा की शांति के लिये भगवान से प्रार्थना की गई। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि डॉ मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन से पूरा राष्ट्र मर्माहत एवं शोक संतप्त है। इनके निधन से राष्ट्र को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। भविष्य में इनकी कमी को कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता। इनका कार्यकाल भारत के स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। नेताओं बताया कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार के द्वारा सभी राज्य स्तरीय कार्यक्रम सात दिनों तक स्थगित रहेगा एवं राष्ट्रीय ध्वज झुका रहेगा। मौके पर जिलाध्यक्ष, तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, शरीफ अंसारी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष, रेखा चौबे, अनिता दत्त, विकाश सिंह कुशवाहा, आशीष अग्रवाल, कार्तिक पाण्डेय, अशर्फी राम, गुरू दत्त, फरीद खां, वंदना जायसवाल, रामसागर उरांव आदि लोग उपस्थित थे।

### मेराल में क्रिसमस गैदरिंग



**मेराल :** लखेया मोड़ के समीप संतोष राम के घर के पास क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की पत्नी मीरा तिवारी, मेराल के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, पादरी अनिल राज डेविड आदि ने संयुक्त रूप से केक काटकर यीशु मसीह का जन्मदिन मनाया। पादरी अनिल राज डेविड ने ईसाई धर्म और यीशु मसीह के जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों के बीच कॉपी, कलम, चॉकलेट बांटा गया। मौके पर कलाकारों द्वारा मसीह संगीत पर क्रिसमस गैदरिंग में भाव विभोर होकर आनंद उठाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविंद तिवारी, विवेक तिवारी, विनीता तिवारी, अनामिका कुमारी, विवेक पाठक, अनिल राज डेविड, अजीत कुमार रवि, जर्मन कुमार पासवान, आयुष कुमार, ज्योति देवी, भारती कुमारी, नागौरी वलुई, रीना देवी आदि बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

## रेहला ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल का तीसरा वार्षिक खेल उत्सव आयोजित

# निदेशक उमेश सिंह ने छात्र-छात्राओं को किया प्रेरित

बंशीधर न्यूज




**विश्रामपुर :** रेहला के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को तीसरा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह ने किया। विद्यालय के निदेशक अमित सिंह ने बच्चों में खेल के महत्व को बताते हुये उन्हें खेल के क्षेत्र में करियर बनाने के लिये प्रेरित किया। निदेशक ने बताया कि खेल से सिर्फ शारीरिक विकास ही नहीं बल्कि मानसिक विकास भी होता है। विद्यालय की शिक्षिका निशिका सिंह ने मंच संचालन किया। वार्षिक खेल उत्सव के अवसर पर बच्चों का हंड्रेड मीटर रेस, बाल बैलेंस रेस, रिले रेस, मैथ हैंड वॉकिंग रेस, बिस्किट रेस, थ्री लेग रेस, बनी रेस, लड़कियों का स्लो साईकिल रेस, स्किपिंगरेस आदि का आयोजन कराया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान बच्चों को आत्मरक्षण के लिये कराटे का बेहतर प्रदर्शन कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनीष पांडेय ने बच्चों का उत्साह वर्धन के लिये खेल में जीते हुये विजेताओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के अतिथि के रूप में रंजीत कश्यप, रंजना कश्यप, नजीमुद्दीन नूरी, पूर्णिमा कश्यप, फिरोज खान, महेंद्र चौबे आदि मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक गण शैलेश चौबे, प्रवीण प्रसाद, अवनीश चौबे, विकास पांडेय, अजीत तिवारी, सुरेंद्र शर्मा, रिचा मिश्रा, ज्योति सिंह, प्रियंका शुक्ला, वैशाली सिंह, निशिका सिंह, मनीषा वर्मा, प्रियंका शुक्ला, शिवानी कश्यप, संजीदा खातून, परमिता गुप्ता, नाजिया प्रवीण आदि मौजूद थे।

# विधायक अनंत की पहल पर भवनाथपुर के तीन स्कूलों के परीक्षा केंद्र परिवर्तित : कमलेश्वर



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** विधायक अनंत प्रताप देव के पहल पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र तीन स्कूलों के परीक्षा केंद्रों को परिवर्तित कर दिया गया है। यह जानकारी विधायक प्रतिनिधि सह शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने प्रेसवार्ता आयोजित कर दी। उन्होंने बताया कि एसपीडी हाईस्कूल हरिहरपुर, आश्रम आवासीय बालिका विद्यालय मझिगावां और अपग्रेडेड हाईस्कूल मेरौनी के मैट्रिक परीक्षा का केंद्र अब मिडिल स्कूल हरिहरपुर में होगा। श्री पांडेय ने बताया कि पहले एसपीडी हाईस्कूल का कांडी, मझिगावां का लमारी एवं मेरौनी का परीक्षा केंद्र कांडी में था। जिस कारण यहां के छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने काफी दूर जाना पड़ता था। जिसे लेकर यहां के लोगों ने विधायक अनंत प्रताप देव से मिलकर परीक्षा केंद्र हरिहरपुर में कराने की मांग की थी। जिसे लेकर विधायक ने डीसी को परीक्षा केंद्र बदलने के लिये पत्र लिखा था। विधायक की पहल पर परीक्षा केंद्र चयन समिति की बैठक डीसी की अध्यक्षता में आयोजित हुई थी। जिस बैठक में परीक्षा केंद्र बदलने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि विधायक ने हरिहरपुर क्षेत्र की जनता को सौगात दी है। जनता से किये हरेक वायदे को पूरा करने में विधायक लगे हुये हैं। परीक्षा केंद्र बदले जाने से छात्र छात्राओं समेत क्षेत्र की जनता में खुशी है। प्रेसवार्ता में झामुमो नेता विश्वनाथ पाल, दीपक कुमार, दशरथ बैठा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### धुरकी के मजदूर की कटनी में मौत

**धुरकी :** थाना क्षेत्र अंतर्गत रक्सी पंचायत के ब्याही महुआ टोला निवासी 45 वर्षीय राजेश भुईयां की मौत सरिया सटरिंग में कार्य करने के दौरान गिरने से हो गई। परिजनों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राजेश अपने गांव के अन्य लोगों के साथ कटनी बिलासपुर काम करने गया था। जहां काम करने के दौरान उसे उल्टी, दस्त होने लगी। घर लौटने के बाद मुंह से ब्लड आने लगा। आनन-फानन में ठेकेदार ने इलाज कराया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक राजेश का शव एंबुलेंस से रात्रि 11 बजे उसके घर भेज दिया गया। इसकी सूचना मिलते ही धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के निर्देश पर एएसआई शैलेन्द्र कुमार यादव शव का पंचनामा कराकर अंत्य परीक्षण के लिये सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। मौके पर उप प्रमुख धर्मेन्द्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि सत्यनारायण बैठा, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि साहेब राम, नरकुल भुईयां, प्यारी भुईयां, लालू भुईयां, अशोक राम जियादुद्दीन खा, विनोद प्रजापति आदि मौजूद थे।

### बाबू दिनेश सिंह विवि में शोक सभा



**गढ़वा :** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में उनकी आत्मा की शांति के लिये विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने उनके चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर भगवान से प्रार्थना की गई। मौके पर सभी महाविद्यालय के प्राचार्य, कर्मचारी तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**आंदोलन** क्रशर प्लांट कटिंग के विरोध में विस्थापित संघर्ष मोर्चा का धरना प्रदर्शन

# सीआईएसएफ को पहली गोली मुझ पर चलानी होगी : दीपक

बंशीधर न्यूज









**भवनाथपुर :** टाउनशिप में स्थापित अपने जमाने में एशिया के सबसे बड़े क्रशिंग प्लांट की नीलामी के पश्चात कटिंग कार्य के विरोध में विस्थापित संघर्ष मोर्चा की ओर से सेल प्रशासनिक भवन के समक्ष के अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भोजपुर गढ़ के प्रमुख व झामुमो नेता दीपक प्रताप देव एवं ताहिर अंसारी की पत्नी सोगरा बीबी ने धरनास्थल पर पहुंच कर विस्थापितों और मजदूरों का हौसला अफजाई करते हुये अपना समर्थन दिया तथा धरना पर बैठे। उस मौके पर मजदूरों को संबोधित करते हुये दीपक प्रताप देव ने कहा कि विस्थापितों एवं मजदूरों द्वारा प्लांट कटिंग के विरोध में पिछले पांच दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन किया जा रहा है, उसके बाद भी सेल प्रबंधन उनकी मांगों को अनसुना कर रहा है जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। अब मजदूर खाली हाथ नहीं लौटेंगे। सुरक्षा में तैनात सीआईएसएफ को चेतावनी देते हुये कहा वे लोग इसे जालियांवाला बाग नहीं बनायें नहीं तो उनकी गोली कम पड़ जायेगी। इस लड़ाई में सेल प्रबंधन के निर्देश पर सीआईएसएफ के जवान अगर गोली चलाते हैं तो पहले मुझ पर गोली चलेगी और मेरी लाश पर ही क्रशर प्लांट कटिंग होकर यहां से जायेगा। उन्होंने कहा कि वे विस्थापित परिवार और मजदूरों के संघर्ष में अपना सर्वस्व न्यौछावर करते हुये उनके साथ खड़ा रहने एवं लड़ने के लिये तैयार हैं। पूर्व के विस्थापितों की शहादत को बेकार नहीं जाने देंगे। श्री देव ने कहा कि इस हाड़कपाती ठंढ में मजदूरों द्वारा किये जा रहे धरना प्रदर्शन पर सेल प्रबंधन कान में तेल डालकर सोया हुआ है। सेल प्रबंधन मजदूरों की मांगों को अविलंब पूरा नहीं करता है तो यह लड़ाई आर पार की होगी। उन्होंने कहा कि सेल यहां बंद खदानों को चालू कर मजदूरों का बकाया मजदूरी भुगतान करे अन्यथा ईंट से ईंट बजा देंगे। झामुमो नेत्री सोगरा बीबी ने कहा केंद्र में भाजपा की सरकार है, वह इतने बड़े मुद्दे पर मौन साधे हुये है। भाजपा की सरकार आम जनता को बेरोजगार बनाकर जनता को गरीबी की खाई में धकेलने का काम कर रही है। धरना में इंटक यूनियन के सुशील चौबे, विस्थापित संघर्ष मोर्चा के बीरेंद्र साह, रामविजय साह, शंभू राम, झामुमो के ब्रजेश सिंह, गोपाल यादव, बूटा सिंह, विजय राउत समेत चपरी, सिंदूरिया, सरैया, सिंघीताली, फुलवार, कैलान, अरसली, झुमरी, धनी मंडरा व कई अन्य गांवों से बड़ी संख्या में मजदूर शामिल थे।

### झामुमो नेताओं व समिति के लोगों ने प्लांट का लिया जायजा

धरना को समर्थन देने पहुंचे झामुमो नेता दीपक प्रताप देव ने सीआईएसएफ के सहायक समादेष्टा मधुसूदन महेश्वरी से प्लांट की भौतिक स्थिति का जायजा लेने का आग्रह किया। श्री माहेश्वरी ने आग्रह को स्वीकार करते हुये प्लांट का भ्रमण कराया। उनके साथ सोगरा बीबी, इंटक नेता सुशील चौबे समेत लगभग 40 विस्थापित परिवार के सदस्यों व मजदूरों ने प्लांट के अंदर बाहर क्रशर स्क्रैप कटिंग का जायजा लिया। इस दौरान झामुमो नेताओं और विस्थापित मजदूरों ने देखा कि पिछले पांच दिनों से सेल प्रबंधन द्वारा प्लांट के कटिंग पर रोक लगा दी गई है। उनलोगों ने प्लांट काटने आये मजदूरों से भी बातचीत की। इसके बाद उक्त सभी लोगों ने वापस धरनास्थल लौटकर कहा कि सेल के सक्षम अधिकारी 24 घंटे के अंदर धरनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों की अन्य मांगों को पूरा नहीं करते हैं तो आंदोलन उग्र होगा।

### मजदूरों में भय का माहौल

क्रशर प्लांट की नीलामी कोलकाता की एक कंपनी ने ली है। कंपनी की ओर से बिहार से प्लांट काटने के लिये मजदूर लाये गये हैं। विस्थापित संघर्ष समिति के आंदोलन से मजदूरों में भय का माहौल बना हुआ है। मजदूर बसंत कुमार, अनिल कुमार, विनय बिंद, शनि रजवार, सतेन्द्र प्रसाद समेत 20 मजदूर आंदोलन से डरे सहमें हुये हैं। मजदूरों ने बताया कि वे लोग करीब 12 दिनों से बैठे हुये हैं, काम नहीं हो रहा है। अब हमलोग अपने घर वापस जाना चाहते हैं। हालांकि हमें घर जाने से किसी ने रोका नहीं है लेकिन बाहर हो रहे आंदोलन से डरे हुये हैं। दीपक प्रताप देव, सुशील कुमार चौबे ने मजदूरों से कहा यदि वे लोग घर जाना चाहते हैं तो बिना डर भय के जा सकते हैं, वे लोग उनके साथ हैं। हालांकि शाम में मजदूर वापस चले गये।

## डीएसओ राम गोपाल पांडेय के साथ कार्यालय में हाथापाई

# दो नामदर्ज समेत 12 के खिलाफ प्राथमिकी

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** समाहरणालय स्थित जिला आपूर्ति पदाधिकारी (डीएसओ) राम गोपाल पांडेय के कार्यालय में उनके साथ हाथापाई की गई है। घटना के बाद डीएसओ ने गढ़वा थाना में दो नामजद एवं 10 अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।डीएसओ ने प्राथमिकी के लिये दिये गये आवेदन में कहा है कि गुरुवार को उनके कार्यालय में पहुंचकर लोगों ने गाली-गलौज करते हुये उन पर हमला कर दिया। आरोपी ने पहले उनके साथ दुर्व्यवहार किया फिर हाथापाई शुरू कर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि इस मामले में दो नामजद हूर ग्राम निवासी सत्येंद्र तिवारी एवं गिजना ग्राम निवासी रामसुंदर तिवारी सहित 8-10 अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके विरूद्ध धारा 353 सहित विभिन्न धाराओं में सरकारी कार्य में बाधा डालने आदि की प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुये जांच तेज कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा। उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।समाहरणालय जैसे संवेदनशील क्षेत्र में इस तरह की घटना से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गई है। घटना के बाद समाहरणालय के अन्य अधिकारियों ने इसे शर्मनाक करार दिया। उनका कहना है कि कार्यालय में इस तरह की घटना न केवल प्रशासन की गरिमा को ठेस पहुंचाती है, बल्कि कार्यक्षेत्र की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े करती है। इस घटना के बाद समाहरणालय की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। अधिकारियों ने मांग की है कि ऐसे मामलों को रोकने के लिये समाहरणालय में सुरक्षा बढ़ाई जाय।पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। जांच जारी है और जल्द ही मामले से जुड़े सभी तथ्यों का खुलासा किया जायेगा।

### चेकिंग अभियान में पकड़ाया 14 बाईक



**मेदिनीनगर :** यातायात पुलिस की ओर से शुक्रवार को छहमुहान के पास चलाये गये सघन जांच अभियान में 14 बाईक को पकड़ा गया। इस संबंध में यातायात प्रभारी समा अहमद ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान चारपहिया व दोपहिया वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान कई दोपहिया वाहन चालक बगैर हेलमेट व बिना लाईसेंस के गाड़ी चलाते पाये गये। ऐसे सभी लोगों की गाड़ी जब्त कर शहर थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखते हुये जुमार्ना के लिये वाहनों की सूची जिला परिवहन कार्यालय को भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जिला परिवहन कार्यालय से पूर्व में पकड़े गये 15 दो पहिया वाहन का जुमार्ना 26 हजार 150 रुपया और शराब पीकर गाड़ी चला रहे एक दोपहिया वाहन चालक से 10 हजार रुपया जुमार्ना वसूला गया है।



## तलाक के बारे में बात करते हुए ईशा कोप्पिकर की आंखों में आ गए आंसू

ईशा कोप्पिकर ने पिछले साल अपने पति टिम्मी नारंग को तलाक दे दिया था। उन्होंने अपनी 13 साल की शादीशुदा जिंदगी तोड़ दी। ईशा की 7 साल की बेटी रिआना भी है। तलाक के लिए अर्जी देने से पहले ईशा ने बेटी के साथ टिम्मी नारंग का घर छोड़ दिया। तलाक के गम को पचा पाना ईशा के लिए बहुत मुश्किल था। उन्होंने हाल ही में एक इंटरव्यू में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इंटरव्यू में तलाक के बारे में बात करते हुए ईशा की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने भावुक होकर कहा, ₹हमारे बीच कोई लड़ाई नहीं थी लेकिन हम जानते थे कि हम धीरे-धीरे अलग हो रहे हैं। हमारी बेटी रियाना को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं थी। फिर एक दिन हमारे तलाक की खबर आई। मैं और मेरी बेटी दुबई में थे। हम फ्लाइट में थे। मैंने और टिम्मी ने पहले ही तय कर लिया था कि हम रियाना के सह-अभिभावक बनेंगे। उन्होंने आगे कहा, टिम्मी घर आते हैं। हम अभी भी छुट्टियों पर जाते हैं। पार्टियों में जाते हैं। हम रिहाना के लिए यह सब करते हैं लेकिन अब हमारे पास कुछ नहीं है। मेरे माता-पिता ने हमें साथ रहने, चीजों को सुलझाने की कोशिश करने के लिए कहा था लेकिन अब ऐसा नहीं होने वाला है। ऐसी कई चीजें होती हैं जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। किसी रिश्ते में सबसे ज्यादा दुख तब होता है जब कोई भी व्यक्ति साथ नहीं रहना चाहता हो, यह स्वीकार करने में काफी समय लगता है।

## अब सलमान खान की 'सिकंदर' का टीजर 28 को रिलीज होगा




बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान का जन्मदिन है। वह आज 59 साल के हो गए हैं। दुनिया भर में लाखों प्रशंसक उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' का टीजर आज बर्थडे पर रिलीज होना था, लेकिन भारत के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के चलते मेकर्स ने रिलीज डेट को स्थगित करने का निर्णय लिया है। सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर का टीजर आज सुबह 11 बजे रिलीज होना था, जो अब 28 दिसंबर को सुबह 11 बजकर 7 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। ऐसे में सलमान के फैंस को 'सिकंदर' के टीजर के लिए कुछ घंटे और इंतजार करना होगा। पिछले कुछ सालों में सलमान खान की सबसे लोकप्रिय फिल्मों में से एक 'सिकंदर' है। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने किया है। 'किक' के बाद सलमान और साजिद कई सालों बाद साथ काम कर रहे हैं। फिल्म 'सिकंदर' में सलमान खान के साथ एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका निभाएंगी। फिल्म 'सिकंदर' का निर्देशन 'गजनी' फेम एआर मुरुगोदास करेंगे। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होगी।

## सीएम हेमंत सोरेन, मंत्री दीपिका पांडेय ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



# डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर कई देशों के नेताओं ने शोक जताया

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर विश्व के कई देशों के नेताओं ने गहरा शोक जताया है। अमेरिका, कनाडा, श्रीलंका, नेपाल, मालदीव, अफगानिस्तान सहित पड़ोसी देशों के नेताओं ने सिंह को याद किया। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सिंह के निधन पर भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताते हुए कहा कि अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु सहयोग समझौते को आगे बढ़ाने में पूर्व प्रधानमंत्री का नेतृत्व अमेरिका-भारत संबंधों की क्षमता में एक बड़े निवेश का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भारत में डॉ. सिंह को उनके आर्थिक सुधारों के लिए याद किया जाएगा। कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री स्टीफन हार्पर ने शोक संदेश में कहा कि वह असाधारण बुद्धिमत्ता, ईमानदारी और ज्ञान के धनी थे। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए उनके परिवार और भारत के लोगों के प्रति गहरी संवेदना जताई है। मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने कहा कि सिंह के निधन की खबर से दुख हुआ। वह मालदीव के अच्छे मित्र और उनके लिए पिता तुल्य थे। श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे ने डॉ. सिंह को एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और भारत के आर्थिक उदारीकरण का निर्माता बताया। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने कहा कि भारत ने अपने सबसे शानदार बेटों में से एक को खो दिया। डॉ. सिंह अफगानिस्तान के अटूट सहयोगी और मित्र रहे हैं।



### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर दी श्रद्धांजलि



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के तीन मोतीलाल नेहरू रोड स्थित आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति भवन ने एक्स पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति मुर्मु ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने डॉ. सिंह के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने एक्स पोस्ट में कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और डॉ. सुदेश धनखड़ ने आज नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. सिंह के आवास पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने डॉ. सिंह के परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और देश के लिए उनके अमूल्य योगदान और उनकी चिरस्थायी विरासत को याद किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा, डॉ. मनमोहन सिंह को उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत उनके योगदान को सदैव याद रखेगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री सिंह का कल रात को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

### मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी : कोविंद



**कोलकाता।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कोलकाता में आयोजित एक कार्यक्रम में कोविंद ने कहा कि डॉ. सिंह ने उस समय देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी, जब आर्थिक संकट गहरा हुआ था। डॉ. सिंह के निधन को अपना व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कोविंद ने कहा, उनकी विनम्रता और सरलता की छवि हमेशा मेरे मन में रहेगी। मैंने कभी उनके मुख से कोई आपत्तिजनक या अशोभनीय शब्द नहीं सुना। कोविंद ने कहा कि डॉ. सिंह ने भारत को आर्थिक संकट के समय कुशल नेतृत्व प्रदान किया और अर्थव्यवस्था को नई दिशा में अग्रसर किया। डॉ. सिंह भारतीय मूल्यों और विज्ञान के संगम का प्रतीक थे। उनके अंदर भारतीय संस्कृति और आधुनिकता का अद्भुत समन्वय था। कोविंद ने कहा, उनके साथ मेरी अनेक यादें जुड़ी हुई हैं। यह नुकसान मेरे लिए किसी अपने को खोने जैसा है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री सिंह का निधन गुरुवार रात दिल्ली में 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहे।

Hit लिस्ट

### कैबिनेट ने डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की स्मृति में शोक प्रस्ताव पारित किया। मंत्रिमंडल ने दो मिनट का मौन रखकर डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी।मंत्रिमंडल की बैठक में रखे शोक प्रस्ताव के अनुसार देश में 01.01.2025 तक सात दिनों के लिए राजकीय शोक घोषित किया गया है।इस शोक अवधि के दौरान, पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। सात दिनों के लिए विदेश में सभी भारतीय मिशनों/ उच्चायोगों में भी राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। डॉ. मनमोहन सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार के दिन, सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों और सीपीएसयू में आधे दिन का अवकाश घोषित किया जाएगा। इसके साथ बैठक में संकल्प भी रखा गया जिसमें कहा गया मंत्रिमंडल भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के 26 दिसंबर, 2024 को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली में हुए दुखद निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है।

### हिमाचल प्रदेश में फिर से बर्फबारी शुरू, 101 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। राज्य की पर्वत श्रंखलाओं पर बीती रात से हिमपात हो रहा है। वहीं राजधानी शिमला से सटे पर्यटन स्थल कुफरी में शुक्रव सुबह से बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है, जिससे पर्यटकों का आनंद दोगुना हो गया है। शिमला शहर और मनाली जैसे हिल्स स्टेशनों में घने बादल छाए हैं और मौसम बर्फबारी के अनुकूल बना हुआ है। राज्य के मैदानी हिस्सों में कुछ जगह हल्की वर्षा हो रही है। राज्य के पहाड़ी इलाकों में दिसम्बर में यह सीजन की तीसरी बर्फबारी हो रही है।

मनमोहन सिंह का पार्थिव शरीर तिरंगे में लपेटा गया, कांग्रेस नेता सोनिया, राहुल, प्रियंका, समेत बड़ी संख्या में नेता पहुंचे श्रद्धांजलि देने

## भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी डॉ मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** लुटियंस दिल्ली के मोतीलाल नेहरू मार्ग के बंगला नंबर-तीन पर आज सुबह से पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए लोगों का तांता लगा हुआ है। इस बीच उनके पार्थिव शरीर को सैन्य सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज यानी तिरंगे से लपेटा गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी, सोनिया गांधी और केरल के वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वॉड्रा दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि देने उनके सरकारी आवास 3, मोतीलाल नेहरू मार्ग पहुंचे। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के अंतिम दर्शन करने पहुंचे और श्रद्धांजलि दी।

सिंह का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में कल रात निधन हो गया था। पार्थिव शरीर को उनके सरकारी आवास 3, मोतीलाल नेहरू मार्ग पर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया है। तीन मोतीलाल नेहरू मार्ग के बाहर पुलिस ने सुरक्षा का कड़ा इंतजाम किया है। केंद्र सरकार ने देश में सात दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। सिंह के परिवार में उनकी पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह हैं। उपिंदर इतिहासकार, दमन लेखिका और अमृत मानवाधिकार वकील हैं। अमृत अमेरिका में हैं। उनके आज रात अमेरिका से नई दिल्ली पहुंचने की संभावना है। सिंह का अंतिम संस्कार कल नई दिल्ली में किया जाएगा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री वंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)